हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विष्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विष्वविद्यालय)
(A Central University)

Ref.No.: HNBGU/ RO /2026/ 104 Date: 19 /05 /2026

अधिसूचना

उत्तराखण्ड शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, देहरादून के पत्र संख्याः 729/XXXI(13)G/2026(09)2010-18 दिनांक 19 मई, 2026 के अनुपालन एवं उसमें निहित निर्देशों के क्रम में यह अधिसूचित किया जाता है कि मा॰ पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड सरकार मेजर जनरल भुवन चन्द्र खण्डूड़ी जी के आकस्मिक निधन के कारण राज्य सरकार द्वारा दिनांक 19.05.2026 से 21.05.2026 तक (तीन दिवस) का राजकीय शोक घोषित किया गया है।

अतः विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारीगण, शिक्षकगण, कर्मचारीगण, छात्र–छात्राएँ एवं अन्य सभी हितधारकगण को निम्नानुसार अवगत कराया जाता है:–

1. दिनांक 19.05.2026 से 21.05.2026 तक (तीन दिवस) विश्वविद्यालय के समस्त परिसरों / कार्यालयों / विभागों में राजकीय शोक का पालन किया जाएगा।
2. उक्त अवधि में विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाले संस्कृतिक, मनोरंजनात्मक एवं औपचारिक उत्सवी कार्यक्रमों को स्थगित / पुनर्निधारित किया जाए।
3. विश्वविद्यालय के समस्त परिसरों में राष्ट्रीय ध्वज नियमानुसार आधा झुका (Half Mast) रखा जाना सुनिश्चित किया जाए।
4. दिनांक 20.05.2026 को होने वाले अन्त्येष्टि कार्यक्रम के दृष्टिगत राज्य सरकार के निर्देशानुसार आवश्यक गरिमा एवं शोकानुकूल वातावरण बनाए रखा जाए।
5. विश्वविद्यालय के समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, परिसर निदेशक, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण यह सुनिश्चित करेंगे कि उक्त निर्देशों का अनुपालन किया जाए।

उक्त आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनोंपरान्त जारी किया जा रहा है।

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त परिसर निदेशक / संकायाध्यक्ष / विभागाघ्यक्ष।
2. अधिष्ठाता छात्र कल्याण / नियंता / मुख्य छत्रावास अधीक्षक / पुस्तकालयाध्यक्ष।
3. वित्त अधिकारी / परीक्षा नियंत्रक / निदेशक आई.क्यू.ए.सी. / एम.एम.टी.टी.सी।
4. समस्त उप कुलसचिव / सहायक कुलसचिव / जनसम्पर्क अधिकारी।
5. प्रभारी सिस्टम मैनेजर – विश्वविद्यालय की वैब साईट पर उपलोड करने हेतु।
6. सहायक कुलसचिव, कुलपति सचिवालय, माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
7. कार्यालय प्रति।

कुलसचिव